दैनिक भास्कर

जयपुर सिटी भास्कर 23-10-2024

इनोवेटर्स का मार्गदर्शन कर लैब और वर्कशॉप्स का उपयोग कर प्रॉडक्ट बनाने से लेकर पेटेंट तक की प्रक्रिया सिखाई

सिटी रिपोर्टर | कॉलेज और यूनिवर्सिटी के प्रोफेसरों को इंटलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट, पेटेंट, कॉपीराइट्स के बारे में प्रशिक्षण दिया गया। मौका था मंगलवार को जयपुर इंडोवेशन सेंटर में 'राइजिंग राजस्थान' की निरंतरता में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का।

इसमें हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशंस में आईपीआर - टीटी सेल को ओपन करने का प्रशिक्षण दिया गया। यह कार्यक्रम राजस्थान साइंस एंड टेक्नोलॉजी डिपार्टमेंट और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, पेटेंट सूचना सेल की ओर से हुआ। इसमें इनोवेटर्स का मार्गदर्शन करने, लैब और वर्कशॉप्स का उपयोग कर प्रॉडक्ट बनाने और फिर उनके इनोवेशन को पेटेंट कराने की प्रक्रिया सिखाई गई। इस मौके पर विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव वी. सरवन कुमार ने बताया कि साइंस डिपार्टमेंट और अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के बीच एमओयू साइन किया गया है, जिसके जरिए इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट को राजस्थान में बढ़ावा दिया जाएगा।

उन्होंने बताया कि बिड़ला इंस्टीट्यूट टेक्नोलॉजी और साइंस, पिलानी को इस कौशल विकास पहल के लिए ज्ञान भागीदार के रूप में चुना गया है। मुख्य अतिथि प्रो. उन्नत पंडित, विशिष्ट अतिथि डॉ. अभय जेरे, गौरव जोशी मौजूद रहे। वहीं राष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ स्रवंति वेदुला और डॉ. रजनीश कुमार ने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दिया।

अनुसंधान, विकास सहित अनेक विषयों पर हुई चर्चाएं

जयपुर। जयपुर के एआईसीटीई इंडोवेशन सेंटर में मंगलवार को राइजिंग राजस्थान कार्यक्रम के तहत चार राउंड टेबल चर्चाएं की गई। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग और जयपुर इनोवेशन सेंटर (अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद नई दिल्ली) ने यह चर्चाएं अनुसंधान, विकास इन्क्यूबेशन और इनोवेशन सिस्टम को सम्मिलित करने के उद्देश्य से कराई। विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत संस्थाओं में पेटेंट, डिजाइन और ट्रेडमार्क के संरक्षण के अभाव को पूरा करने के लिए उच्च शैक्षणिक संस्थानों में आईपीआर-आईटी सेल की

स्थापना और संचालन पर चरणबद्ध मार्गदर्शन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम मुख्य अतिथि महानियंत्रक पेटेंट प्रो उन्नत पंडित, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद उपाध्यक्ष डॉ अभय जेरे और संयुक्त निदेशक एमएसएमई गौरव जोशी की उपस्थिति में हुई।